आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 28.08.2025

मुख्य समाचारः—

1— बस्तर में भारी बारिश से प्रभावित दो हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया—दंतेवाड़ा जिले में करीब दो सौ मकान क्षतिग्रस्त हुए—मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हालात की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।

2— प्रधानमंत्री जन—धन योजना को आज ग्यारह वर्ष पूरे हुए—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस योजना ने वित्तीय समावेशन से वंचित लोगों का सशक्तिकरण किया है।

3— रायगढ़ में कल से शुरू हुआ चक्रधर समारोह—राज्यपाल रमेन डेका और केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया शुभारंभ।

4— ऋषि पंचमी पर आज उत्कल समाज द्वारा मनाया जा रहा है नुआखाई का पर्व।

बारिश

प्रदेश के बस्तर संभाग में पिछले दो—तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण इंद्रावती सहित कई नदी—नाले उफान पर हैं। वहीं, कई गांवों का जिला मुख्यालयों से सड़क संपर्क टूट गया है। बारिश के कारण सामान्य जनजीवन पर भी असर पड़ा है। सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों के कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। राहत और आपदा प्रबंधन की टीम ने बाढ़ में फंसे दो हजार से अधिक लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया है।

दंतेवाड़ा जिले में भारी बारिश के चलते करीब दो सौ मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई गांवों की निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है। बारिश के कारण दंतेवाड़ा से जगदलपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर मिट्टी धसकने से दंतेवाड़ा—किरंदुल के बीच आवागमन बाधित हुआ है। रेलवे के कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। जिले के धनिकरका गांव में आज नहाने के दौरान नाले में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

वहीं, बीजापुर जिले में भी बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण नदी—नालों का जलस्तर बढ़ गया है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने लोगों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील की है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक हरसंभव मदद उपलब्ध कराने को कहा। श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को बाढ़ से हुई जनहानि और पशुहानि की राहत राशि बिना देर किए उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों के प्रभारी सचिव अपने—अपने जिलों का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लें।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में बाढ़ के हालात को देखते हुए प्रशासन द्वारा लोगों को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव का कार्य तेज गति से जारी है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, एक—दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है।

जन–धन योजना

प्रधानमंत्री जन–धन योजना को आज ग्यारह वर्ष हो गए हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अट्ठाईस अगस्त वर्ष दो हजार चौदह को इस योजना का शुभारंभ किया था।

प्रधानमंत्री ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री जन–धन योजना की झलकियां साझा करते हुए बताया कि कैसे इस योजना ने वित्तीय समावेशन से वंचित लोगों का वित्तीय समावेशन से सशक्तिकरण कर पूरे भारत में जीवन को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति वित्तीय रूप से जुड़ जाता है, तो पूरा देश एक साथ आगे बढ़ता है और यह प्रधानमंत्री जन–धन योजना से संभव हो पाया है।

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के रहने वाले आदेश्वर वर्मा का कहना है कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बैंक खाता खुलवाना आसान हो गया है।

मुख्यमंत्री–दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया प्रवास के दूसरे दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कोरिया इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन और निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं की जानकारी दी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रचुर मात्रा में जल, ऊर्जा, लौह अयस्क, स्टील और बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध है। ये संसाधन दक्षिण कोरियाई निवेशकों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेंगे। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सिंगल–विंडो क्लीयरेंस, व्यवसाय सुगमता और उद्योग–अनुकूल नीतियों के माध्यम से प्रत्येक निवेशक को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी।

चक्रधर समारोह

रायगढ़ में चालीसवां चक्रधर समारोह कल से शुरू हो गया है। कल शहर के रामलीला मैदान में राज्यपाल रमेन डेका ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीसवें वर्ष को हम रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं और इस दौरान छत्तीसगढ़ की संस्कृति को समृद्ध बनाने में चक्रधर समारोह का योगदान अग्रणी है। राज्यपाल ने कहा कि राजा चक्रधर सिंह ने कला और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का जो सपना देखा था, यह उत्सव उसका प्रतीक है।

इस मौके पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजा चक्रधर सिंह को नमन करते हुए कहा कि कथक में रायगढ़ घराने की स्थापना कर उन्होंने भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया।

दस दिवसीय चक्रधर समारोह के पहले दिन कल प्रख्यात कथक नर्तक पंडित राजेंद्र गंगानी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

वहीं, सुप्रसिद्ध कवि डॉक्टर कुमार विश्वास ने काव्य–पाठ की प्रस्तुति दी।

समारोह के दूसरे दिन आज सुनील मानिकपुरी लोक कर्मा गायन प्रस्तुत करेंगे। वहीं, राजनंदिनी पटनायक ओडिसी नृत्य, प्रियंका सलूजा और पूजा जैन कथक, पंडित उदय कुमार मल्लिक शास्त्रीय गायन तथा डॉक्टर राखी रॉय भरतनाट्यम जैसी नृत्य कलाएं प्रस्तुत करेंगी। समारोह में देश की पहली ट्रांसजेंडर महिला कथक नृत्यांगना देविका देवेन्द्र मंगलामुखी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।

### शालेय क्रीडा प्रतियोगिता

कोंडागांव में आज से पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है, जिसका शुभारंभ विधायक लता उसेंडी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इकतीस अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रायपुर, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के पांच सौ सत्तर खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में फुटबॉल, तीरंदाजी और मलखंभ जैसे खेलों के मुकाबले होंगे।

वहीं, सरगुजा में भी आज से संभाग स्तरीय दो दिवसीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में संभाग के सभी जिलों से चार सौ बत्तीस खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

### राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता

नवा रायपुर के अटल नगर स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में आज से क्षेत्रीय स्तर पर छत्तीसवीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के आठ केंद्रीय विद्यालयों के चार सौ से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर के क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को संसदीय कार्य प्रणाली से अवगत कराना और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### नुआखाई

ऋषि पंचमी पर आज उत्कल समाज द्वारा नुआखाई का पर्व मनाया जा रहा है। कृषि परंपरा के इस पर्व में नये अन्न का स्वागत किया जाता है। इस दिन नये धान और नवान्न का सबसे पहले ईष्ट देवता को भोग लगाकर ग्रहण किया जाता है। नुआखाई पर उत्कल समाज द्वारा आज रायपुर में जुलूस निकाला गया। वहीं, प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

– भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने देशभर के स्कूलों से पांच से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समय पर आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने को कहा है।

– दस सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा आंदोलन आज ग्यारहवें दिन भी जारी रहा। कवर्धा में आज कर्मचारियों ने तिरंगा न्याय यात्रा निकाली।

– जांजगीर–चांपा जिले के लगरा गांव से बीते पच्चीस अगस्त से लापता एक बच्चे को पुलिस ने रतनपुर क्षेत्र से सुरक्षित ढूंढ निकाला है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने एक वाहन से गांजा बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>